मेरे खाटू वाले बाबा के | By Mukesh Bagda

जय श्याम जय श्याम, जय श्याम जय श्याम
जय श्याम जय श्याम जय श्री श्याम .....

मेरे खाटू वाले बाबा के दरबार में भक्त जो आते हैं
वो मन इच्छा फल पाते है और भव सागर तर जाते हैं
मेरे खाटू वाले बाबा के.....

सब कष्ट दूर हो जाते है सब दुखो को हर लेते हैं
मेरे श्याम दयालु हैं ऐसे तन मन को निर्मल करते हैं
सच्चे मन से जो ध्याता है, वो दौड़े दौड़े आते हैं
वो मन इच्छा फल पाते है और भव सागर तर जाते हैं
मेरे खाटू वाले बाबा के.....

गर जीवन सफल बनाना है तो श्याम की लगन लगा ले तू
इस मन के दर्पण में प्राणी उस श्याम प्रभु को बसा ले तू
फिर करने पार तेरी नैया, वो मांझी बन कर आते हैं
वो मन इच्छा फल पाते है और भव सागर तर जाते हैं
मेरे खाटू वाले बाबा के.....

मतलब की है दुनिया सारी मतलब के सारे नाते हैं
जब विपदा आन पड़े कोई तब श्याम बचाने आते हैं
कहता है अमन हर दुखियों को मेरे श्याम प्रभु अपनाते हैं
वो मन इच्छा फल पाते है और भव सागर तर जाते हैं
मेरे खाटू वाले बाबा के.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%b9%e0%a4%a4%e0%a5%81-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%87-by-mukesh-bagda/